SCHOLARS ACADEMY
SSC | IBPS | NDA | RAILWAY | COMMERCE

"Your commitment paired with our coaching is a path of your success"

Join Us Now
And Start Your Success Journey

01141676717
info@scholarsssacademy.in
www.scholarssscacademy.in



Rajnish Bhatnagar

# SBI Clerk Pre

**प्रश्नों को हल करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

## उम्मीदवारों को निर्देश

(1) इस पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, जो कि कुल **3 भागों** में विभाजित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **भाग -(I)** | **: तार्किक योग्यता** | **(35 प्रश्न)** |
| **भाग -(II)** | **: मात्रात्मक योग्यता** | **(35 प्रश्न)** |
| **भाग -(III)** | **: अंग्रेजी भाषा** | **(30 प्रश्न)** |

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सबके बराबर अंक हैं।

(3) प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले आपको इस पुस्तिका की जांच करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसमें सभी पृष्ठ उपस्थित हैं और कोई पृष्ठ कम या बदला हुआ नहीं है। अगर आपको इस पुस्तिका में कोई दोष मिलता है, तो आपको तुरंत इसे बदलना होगा।

(4) **प्रत्येक प्रश्न में नकारात्मक अंकन होता है क्योंकि प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काट दिया जाएगा।**

(5) आपको निरीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिका अलग से दी जाएगी। आपको प्रश्नों को हल करना प्रारम्भ करने से पहले अपना नाम, रोल नंबर, टेस्ट नाम आईडी और/परीक्षा का नाम उत्तर-पुस्तिका पर सावधानीपूर्वक पूरा/ करना होगा। आपको उत्तर पुस्तिका में- निर्धारित स्थान पर अपना हस्ताक्षर भी करना होगा। इन निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए, जिसको न करने पर आपकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और आपको- **'शून्य' अंक** दिया जाएगा।

(6) उत्तर केवल **ब्लैक/ब्लू बॉल पेन** द्वारा उत्तर- पुस्तिका प्रासंगिक प्रश्न संख्या के सम्बंधित गोले को पूरी तरह से ब्लैक करके दिखाया जाना चाहिए।

(7) **OMR** उत्तर पुस्तिका को एक मशीन द्वारा जांचा जायेगा। यदि किसी स्थिति में उपलब्ध जानकारी, आवेदन पत्र में दी गयी जानकारी से अलग पायी गयी, तो आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) निरीक्षक की अनुमति मिलने के बाद ही कोई परीक्षा कक्ष छोड़ सकता है।

(9) उपरोक्त में से किसी भी निर्देश का अनुपालन करने में विफल उम्मीदवार को उपयुक्त कार्यवाही/जुर्माना के लिए उत्तरदायी समझा जा सकता है।

(10) जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी और सावधानी से प्रश्नों का उत्तर दें। कुछ सवाल कठिन हो सकते हैं और दूसरे आसान हो सकते हैं। किसी भी प्रश्न पर ज्यादा समय नहीं बिताएं।

(11) मोबाइल फोन और वायरलेस संचार उपकरण, परीक्षा कक्ष कमरे में पूरी तरह से प्रतिबंधित/हैं। कोई भी आवेदक अपने मोबाइल का या किसी वायरलेस संचार उपकरण को बंद करके भी अपने पास नहीं रख सकता। नियम का उल्लंघन करने पर आवेदक के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी और उसका आवेदन भी निरस्त किया जा सकता है।

(12) उत्तर-पत्र पर कोई रफ काम नहीं किया जाना चाहिए।

(13) कोई भी उम्मीदवार परीक्षा पूरा होने से पहले परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ सकता है।

**परीक्षार्थी का नाम:**..........................................................................
**दिनाँक:**...................... **परीक्षा कोड** ..............................
**अनुक्रमांक:**..........................................................................

| | | |
|---|---|---|
| **अधिकतम अंक** | : | **100** |
| **कुल प्रश्न** | : | **100** |
| **निर्धारित समय** | : | **60 मिनट** |

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें ।**

**SBP-909184085-H**

SCHOLARS ACADEMY

# तार्किक योग्यता

**1.** यदि शब्द 'KICKSTARTED' के छठवें, सातवें, आठवें और दसवें अक्षरों का प्रयोग करके एक अर्थपूर्ण शब्द बनाया जा सकता है, तो बने शब्द के दायें छोर से दूसरा अक्षर क्या है? यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बनाया जा सकता है, तो अपने उत्तर के रूप में X को चिह्नित कीजिए, जबकि यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हैं, तो अपने उत्तर के रूप में Z को चिह्नित कीजिए।

**(A)** T  **(B)** A
**(C)** E  **(D)** Z
**(E)** X

**2.** 'SPACESHIP' शब्द में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर (आगे और पीछे दोनों) हैं जितने अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में होते हैं?

**(A)** तीन से अधिक  **(B)** एक
**(C)** एक भी नहीं  **(D)** दो
**(E)** तीन

**निर्देश : [03-05]:** एक टीम में अलग-अलग वजन के सात लड़के हैं। U, 89 किलोग्राम वजन के साथ दूसरा सबसे भारी है। कम से कम तीन व्यक्ति Q से हल्के हैं, Q सबसे भारी नहीं है। T, S से ठीक भारी है। V जिसका वजन 52 किलोग्राम है, वह T से भारी है लेकिन P से हल्का है। U, P से भारी है। P, Q से भारी है लेकिन R से हल्का है।

**3.** Q का संभावित वजन कितना हो सकता है?

**(A)** 90 किलोग्राम  **(B)** 85 किलोग्राम
**(C)** 99 किलोग्राम  **(D)** 40 किलोग्राम
**(E)** 35 किलोग्राम

**4.** कितने व्यक्तियों का वजन R से कम है?

**(A)** 6  **(B)** 5
**(C)** 4  **(D)** 3
**(E)** 2

**5.** निम्नलिखित में से किसका वजन Q से कम है?

**(A)** R  **(B)** P
**(C)** T  **(D)** U
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**निर्देश [06 – 08]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

तीन पीढ़ियों वाले एक परिवार में आठ व्यक्ति रोहित, स्नेहा, वरुण, मायरा, पलक, कमल, अर्पिता और इशिता हैं। परिवार में एक भी अविवाहित एक अभिभावक नहीं है। पलक, इशिता की दादी/नानी है, और इशिता रोहित की पत्नी है। रोहित मायरा का जीजा/साला/देवर है। मायरा के पिता पलक की संतान हैं। वरुण स्नेहा के ससुर हैं। कमल , अर्पिता का भतीजा/भांजा है। वरुण का कोई भाई-बहन नहीं है। वरुण पहली पीढ़ी के हैं। रोहित के कोई भाई-बहन नहीं हैं।

**6.** अर्पिता का पलक के बेटे से क्या संबंध है?

**(A)** बहन  **(B)** चाची/मौसी/मामी
**(C)** चाचा/मामा/मौसा
**(D)** निर्धारित नहीं किया जा सकता
**(E)** भाई

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प निश्चित रूप से सही है/हैं?

**(A)** स्नेहा, कमल की पत्नी है
**(B)** वरुण, कमल के पिता हैं
**(C)** इशिता, वरुण की पोती/नवासी हैं
**(D)** उपर्युक्त सभी
**(E)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** यदि मायरा एक महिला है, तो मायरा वरुण से कैसे संबंधित है?

**(A)** बेटी  **(B)** बहन
**(C)** भांजी/भतीजी  **(D)** पोती/नवासी
**(E)** चाची/मामी

**निर्देश [09-10]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

एक पार्क में सात प्रकाश खंभे P1, P2, P3, P4, P5, P6 और P7 एक दूसरे से एक निश्चित दूरी पर हैं।
P7, P4 से 8 मी दक्षिण में है। P5, P3 से 16 मी पूर्व में है। P1, P6 के 12 मी पश्चिम में है। P2, P4 से 9 मी पूर्व में है। P3, P6 से 8 मी दक्षिण में है। P2, P5 के 13 मी उत्तर में है।

**9.** P1 के सन्दर्भ में P2 किस दिशा में है?

**(A)** दक्षिण-पश्चिम  **(B)** दक्षिण-पूर्व
**(C)** उत्तर-पश्चिम  **(D)** उत्तर-पूर्व
**(E)** उपरोक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित पांच जोड़ियों में से चार किसी न किसी तरह से एक दूसरे से संबंधित हैं। विषम को खोजें।

**(A)** P2, P3  **(B)** P1, P5
**(C)** P6, P7  **(D)** P1, P3
**(E)** P4, P5

**निर्देश [11-14]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

नौ व्यक्ति I, J, K, L, M, N, O, P और Q, अलग-अलग शहरों दिल्ली, मुंबई, गोवा, जयपुर, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और लखनऊ से हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। N लखनऊ से है। वह व्यक्ति, जो कोलकाता से है, का नाम एक स्वर से शुरू होता है। J पुणे से है। K, M और P बेंगलुरु से नहीं हैं। वह व्यक्ति, जो बेंगलुरु से है, का नाम एक व्यंजन से शुरू होता है। Q चेन्नई से है। वह व्यक्ति, जो गोवा से है,

SCHOLARS ACADEMY

उसका नाम एक वैसे व्यंजन अक्षर से शुरू होता है जो अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में M के बाद आता है। K दिल्ली और जयपुर से नहीं है। M जयपुर और मुंबई से नहीं है।

**11.** _____ दिल्ली से है।
**(A)** O
**(B)** M
**(C)** P
**(D)** निर्धारित नहीं किया जा सकता
**(E)** उपरोक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से कौन जयपुर से है?
**(A)** I **(B)** P
**(C)** O **(D)** या तो 'A' या 'C'
**(E)** उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** _____ बेंगलुरु से है।
**(A)** I **(B)** O
**(C)** या तो 'A' या 'D' **(D)** L
**(E)** निर्धारित नहीं किया जा सकता

**14.** ______ मुंबई से है और _____ गोवा से है।
**(A)** P, K **(B)** K, P
**(C)** K, M **(D)** M, P
**(E)** O, P

**निर्देश [15-17]:** नीचे दी गई संख्याओं वाली स्ट्रिंग पर विचार कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

4 6 3 2 8 9 7 0 6 5 4 9 8 7 3 9 7 6 5 7 2 1 0 9 5 8 4 5 7

**15.** स्ट्रिंग में ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके पहले एक सम संख्या और बाद में '5' से अधिक मान वाली संख्या है?
**(A)** 2 **(B)** 4
**(C)** 7 **(D)** 5
**(E)** 6

**16.** स्ट्रिंग में ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके बाद क्रमागत दो पूर्ण वर्ग हैं?
**(A)** कोई नहीं **(B)** 2
**(C)** 3 **(D)** 1
**(E)** 4

**17.** स्ट्रिंग के बाएँ छोर से उन्नीसवीं संख्या के बाईं ओर छठी संख्या कौन-सी है?
**(A)** 8 **(B)** 2
**(C)** 9 **(D)** 7
**(E)** 4

**निर्देश [18-22]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

सात व्यक्ति H, I, J, K, L, M और N एक नियमित सप्तकोणीय आकार की मेज पर बैठे हैं और मेज के केंद्र का सामना करते हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। सभी व्यक्ति मेज के कोनों पर बैठे हैं। वे सभी अलग-अलग रंग अर्थात् ब्लू, रेड , ब्लैक, ग्रे, सियान, ग्रीन और वाइट की टाई पहनते हैं।
J, जो ब्लू टाई पहनता है और K के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं (या तो बाएँ या दाएँ से)। वह व्यक्ति, जो सियान टाई पहनता है, J के तत्काल दाएँ बैठा है। M, H के तत्काल दाएँ बैठा है, और H ब्लैक टाई पहनता है। I, H के बाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L उस व्यक्ति के तत्काल बाएं ओर बैठा है, जो रेड टाई पहनता है। I रेड टाई नहीं पहनता है। वह व्यक्ति, जो वाइट टाई पहनता है, N के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से सत्य है/हैं?
**I.** N रेड टाई पहनता है।
**II.** I ग्रे टाई पहनता है।
**III.** L सियान टाई पहनता है।
**(A)** केवल I और II सत्य हैं **(B)** केवल II और III सत्य हैं
**(C)** केवल I और III सत्य हैं **(D)** केवल II सत्य है
**(E)** सभी सत्य है

**19.** ___ वाइट टाई पहनने वाले व्यक्ति के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है।
**(A)** वह, जो ग्रे टाई पहनता है।
**(B)** वह, जो सियान टाई पहनता है।
**(C)** वह, जो ग्रीन टाई पहनता है।
**(D)** वह, जो ब्लू टाई पहनता है।
**(E)** निर्धारित नहीं किया जा सकता

**20.** K और N के बीच जितने व्यक्ति बैठे हैं उतने ही ___ और ___ के बीच बैठे हैं।
**(A)** H, M **(B)** J, H
**(C)** I, M **(D)** L, K
**(E)** निर्धारित नहीं किया जा सकता

**21.** यदि ग्रीन रंग की टाई पहनने वाला रेड टाई पहनने वाले के बगल में नहीं बैठता है, तो ग्रीन टाई कौन पहनता है?
**(A)** K **(B)** N
**(C)** L **(D)** M
**(E)** I

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सत्य है?
**(A)** N, K के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है
**(B)** K, I के तत्काल बाएं ओर बैठा है
**(C)** J, N के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है
**(D)** L, M के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है
**(E)** H, L के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है

**23.** प्रश्न में, कथनों में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है। इन कथनों का अनुसरण I और II द्वारा किया गया है और तदनुसार अपने उत्तर को चिह्नित करें।
**कथन:** $U \le P = V < S, E = P > O \ge F$
**निष्कर्ष: I.** $U > F$ **II.** $S > O$
**(A)** यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
**(B)** यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(C)** यदि या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
**(D)** यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
**(E)** यदि दोनों निष्कर्ष I और निष्कर्ष II अनुसरण करते हैं।

**24.** नीचे दिए गए प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए तीन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा सामान्य ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
**कथन:** केवल फेम्स लौंग्स है।
केवल कुछ फेम्स ट्रेन्स है।
सभी ट्रेन्स क्रेटेस है।
**निष्कर्ष: I.** कुछ फेम्स कभी भी क्रेटेस नहीं हो सकते हैं।
**II.** कुछ ट्रेन्स लौंग्स नहीं है।
**III.** सभी ट्रेन्स फेम्स हो सकते हैं।
**(A)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
**(B)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
**(C)** या तो निष्कर्ष II या III अनुसरण करता है
**(D)** सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
**(E)** केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं

**25.** नीचे दिए गए प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए तीन कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा है।
**कथन:** सभी वेपन हार्म है।
सभी हार्म किल है।
कोई भी किल सेव नहीं है।
**निष्कर्ष: I.** सभी किल वेपन है।
**II.** कोई भी हार्म सेव नहीं है।
**III.** सभी वेपन किल है।
**(A)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
**(B)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
**(C)** केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
**(D)** केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
**(E)** या तो निष्कर्ष I या III अनुसरण करता है

**निर्देश [26-30]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

दो समानांतर पंक्तियाँ हैं, पंक्ति I और पंक्ति II, इस प्रकार कि पंक्ति I, पंक्ति II के पश्चिम में है। पांच व्यक्ति P, Q, R, S और T पंक्ति I में बैठते हैं और पूर्व दिशा के सम्मुख हैं। पांच व्यक्ति I, J, K, L और M पंक्ति II में बैठते हैं और पश्चिम दिशा के सम्मुख हैं। पंक्ति I का व्यक्ति पंक्ति II के व्यक्ति के विपरीत बैठता है। पंक्ति में किसी भी दो आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
S, T के बाएं दूसरे स्थान पर बैठता है। न तो S और न ही T पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठता है। वह व्यक्ति, जो T के विपरीत बैठता है, I के तत्काल बाएं बैठता है। I और J के बीच केवल एक व्यक्ति बैठता है। Q, L के विपरीत बैठता है। R, उस व्यक्ति के विपरीत बैठता है, जो M के तत्काल दाएं बैठता है

**26.** _______, ______ के बाएँ ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है।
**(A)** S, P **(B)** R, P
**(C)** J, K **(D)** R, T
**(E)** M, L

**27.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से गलत है/हैं?
**कथन: I.** R, K के विपरीत बैठा है
**II.** S उस व्यक्ति के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है, जो L के विपरीत बैठा है
**III.** M, K के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है
**(A)** केवल II **(B)** केवल I
**(C)** केवल II और III **(D)** केवल I और III
**(E)** केवल I और II

**28.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से सत्य है/हैं?
**कथन: I.** T, K के विपरीत बैठा है।
**II.** J, I के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है।
**III.** K, I के तत्काल दाएं बैठा है।
**(A)** केवल I और III **(B)** केवल II
**(C)** केवल I और II **(D)** केवल III
**(E)** उपर्युक्त सभी

**29.** L के विपरीत बैठे व्यक्ति और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?
**(A)** एक **(B)** तीन
**(C)** दो **(D)** एक भी नहीं
**(E)** निर्धारित नहीं किया जा सकता

**30.** निम्नलिखित में से कौन उस व्यक्ति का तत्काल पड़ोसी है, जो उस व्यक्ति के विपरीत बैठा है, जो Q के बाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है?
**(A)** केवल M **(B)** केवल K
**(C)** दोनों J और M **(D)** दोनों M और K
**(E)** दोनों J और K

**निर्देश : [31-35]:** काजल, जूही, एलेक्स, देव, रवि, राहुल, नमित और पंकज समान इमारत के विभिन्न तलों पर रहते हैं। सबसे निचले तल की संख्या 1 है; इसके ठीक ऊपर वाले

SCHOLARS ACADEMY

तल की संख्या 2 है और इसी प्रकार आगे बढ़ते हुए सबसे ऊपरी तल की संख्या 8 है। राहुल, रवि से चार तल ऊपर पर रहता है। काजल, राहुल के तल से एक तल ऊपर रहती है। एलेक्स एक विषम संख्या वाले तल पर रहता है लेकिन तल संख्या 3 पर नहीं रहता है। एलेक्स, रवि के तल के ऊपर रहता है। देव, राहुल के तल के ऊपर नहीं रहता है। जूही, पंकज के तल से तीन तल नीचे रहती है। नमित, देव के तल के नीचे रहता है।

**31.** काजल कौन-से तल पर रहती है?
**(A)** तल संख्या 8 **(B)** तल संख्या 7
**(C)** तल संख्या 6 **(D)** तल संख्या 5
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**32.** असंगत ज्ञात कीजिए।
**(A)** राहुल **(B)** एलेक्स
**(C)** पंकज **(D)** जूही
**(E)** रवि

**33.** कौन-सा व्यक्ति तल संख्या 2 पर रहता है?
**(A)** जूही **(B)** नमित
**(C)** एलेक्स **(D)** रवि
**(E)** देव

**34.** देव और रवि जिन तलों पर रहते हैं, उनके बीच में कितने व्यक्ति रह रहे हैं?
**(A)** कोई नहीं **(B)** एक
**(C)** दो **(D)** तीन
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**35.** सबसे निचले तल पर कौन-सा व्यक्ति रहता है?
**(A)** जूही **(B)** नमित
**(C)** एलेक्स **(D)** रवि
**(E)** देव

## मात्रात्मक योग्यता

**36.** दो संख्याओं का अनुपात क्रमशः 5:8 है। यदि छोटी संख्या में 50% की वृद्धि की जाती है और बड़ी संख्या में 25% की कमी की जाती है, तो दोनों संख्याओं का संबंधित अनुपात क्या होगा?
**(A)** 6:5 **(B)** 3:1
**(C)** 8:5 **(D)** 5:4
**(E)** 4:3

**37.** परम ने एक व्यवसाय में ₹12,000 का निवेश किया। कुछ महीनों के बाद, चरण ₹16,000 का निवेश करके कारोबार में उसके साथ जुड़ जाता है। यदि वर्ष के अंत में, परम और चरण के लाभ हिस्से का अनुपात क्रमशः 3:1 है, तो उन महीनों की संख्या ज्ञात कीजिए जिसके लिए चरण ने व्यवसाय में निवेश किया था।
**(A)** 4 **(B)** 3
**(C)** 6 **(D)** 9
**(E)** 2

**38.** 'P' ने दो योजनाओं, 'A' और 'B' में क्रमशः 3 वर्ष और 2 वर्ष के लिए कुल ₹49,000 का निवेश किया, ताकि दोनों योजनाओं से प्राप्त ब्याज बराबर हो। योजना 'A' 18% प्रति वर्ष का साधारण ब्याज प्रदान करती है, जबकि योजना 'B' 25% प्रति वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक देय) प्रदान करती है। योजना 'B' में निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।
**(A)** ₹14,000 **(B)** ₹24,000
**(C)** ₹28,000 **(D)** ₹36,000
**(E)** ₹35,000

**39.** एक वर्ग का क्षेत्रफल 196 सेमी$^2$ है। यदि किसी वृत्त का व्यास वर्ग की भुजा के बराबर है, तो वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात करें।
**(A)** 180 सेमी$^2$ **(B)** 210 सेमी$^2$
**(C)** 168 सेमी$^2$ **(D)** 154 सेमी$^2$
**(E)** इनमे से कोई नहीं

**40.** दो समीकरण (I) और (II) नीचे दिए गए हैं। आपको दोनों समीकरणों को हल करना है और उत्तर देना है।
**(I)** $x^2 + 3x - 180 = 0$ **(II)** $y^2 + 49y + 528 = 0$
**(A)** $y \geq x$ **(B)** $x \geq y$
**(C)** $y > x$ **(D)** $x > y$
**(E)** x = y या संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता है

**41.** प्रश्नों में दो समीकरण I और II दिए गए हैं। आपको x और y के बीच सही संबंध स्थापित करने के लिए दोनों समीकरणों को हल करना होगा और सही विकल्प चुनना होगा।
**I.** $x^2 - 15x + 56 = 0$ **II.** $y^2 - 17y + 60 = 0$
**(A)** $x > y$ **(B)** $x < y$
**(C)** x = y या संबंध स्थापित नहीं किया जा सकता
**(D)** $x \geq y$
**(E)** $x \leq y$

**42.** निम्नलिखित प्रश्न में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर अनुमानित मान क्या आएगा? (ध्यान दें: आपसे सटीक मूल्य की गणना करने की अपेक्षा नहीं की जाती है।)
?% of 499.97 - 360.12% of 59.86 = 19.86% of 420.39
**(A)** 45 **(B)** 60
**(C)** 75 **(D)** 120
**(E)** 90

**43.** निम्नलिखित प्रश्न में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर अनुमानित मान क्या आएगा? (ध्यान दें: आपसे सटीक मूल्य की गणना करने की अपेक्षा नहीं की जाती है।)
474.74 - 258.12 - 14.84% of 800.15 = ?
**(A)** 25 **(B)** 127
**(C)** 218 **(D)** 97
**(E)** 116

SCHOLARS ACADEMY

**निर्देश [44-49]:** आँकड़ों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

निम्नलिखित तालिका एक फल विक्रेता द्वारा सप्ताह के 5 दिनों में बेचे गए फलों (आम+सेब) की कुल संख्या को दर्शाती है।

| दिन | बेचे गए सेब की कुल संख्या | बेचे गए आम और सेब की कुल संख्या |
|---|---|---|
| सोमवार | 960 | 1440 |
| मंगलवार | 1080 | 1550 |
| बुधवार | 440 | 960 |
| गुरुवार | 280 | 720 |
| शुक्रवार | 580 | 1600 |

**44.** एक साथ सोमवार और मंगलवार को बेचे गए सेबों की कुल संख्या का योग ज्ञात कीजिए।
**(A)** 980 **(B)** 2330
**(C)** 1360 **(D)** 2040
**(E)** 1110

**45.** सोमवार को बेचे गए आमों की कुल संख्या, सोमवार को बेचे गए सेबों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है?
**(A)** 45% **(B)** 60%
**(C)** 50% **(D)** 66%
**(E)** 15%

**46.** रविवार को बेचे गए सेबों की कुल संख्या, शुक्रवार को बेचे गए सेबों की संख्या के दोगुने से 230 कम है।रविवार को बेचे गए सेबों की कुल संख्या कितनी है?
**(A)** 510 **(B)** 930
**(C)** 440 **(D)** 270
**(E)** 620

**47.** मंगलवार को बेचे गए आमों और संतरों की कुल संख्या 900 है। मंगलवार को बेचे गए संतरे और सेबों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।
**(A)** 2850 **(B)** 1030
**(C)** 1840 **(D)** 1510
**(E)** 1990

**48.** गुरुवार को बेचे गए आमों और सेबों की कुल संख्या का औसत ज्ञात कीजिए।
**(A)** 360 **(B)** 420
**(C)** 500 **(D)** 250
**(E)** 400

**49.** बुधवार को बेचे गए आमों की कुल संख्या और बुधवार को बेचे गये सेबों की कुल संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।
**(A)** 3:5 **(B)** 4:1
**(C)** 13:11 **(D)** 10:7
**(E)** 4:5

**निर्देश: (50-57):** दिए गए समाकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**50.** (7/15) × 450 - 20% of 450 = ? - 110
**(A)** 230 **(B)** 265
**(C)** 150 **(D)** 160
**(E)** 225

**51.** 20 × 5 of 18 ÷ 6 = ? × 10
**(A)** 23 **(B)** 45
**(C)** 30 **(D)** 15
**(E)** 60

**52.** $\frac{180}{3} + 15 \times 12 = ? + \frac{140}{2} - 13$
**(A)** 197 **(B)** 183
**(C)** 175 **(D)** 187
**(E)** 177

**53.** 20% of 520 - 210 of 20% = ? × 2
**(A)** 18 **(B)** 31
**(C)** 16 **(D)** 35
**(E)** इनमें से कोई नहीं

**54.** 28% of 1950 + 14% of 1250 = ? + $22^2$
**(A)** 374 **(B)** 228
**(C)** 237 **(D)** 362
**(E)** 347

**55.** $\sqrt{37 \times 2 + 5\% \, Of \, 5000} + \sqrt{1200 + 96} = ? \times 9$
**(A)** 9 **(B)** 6
**(C)** 15 **(D)** 12
**(E)** 8

**56.** 125/25 × 19 – 40 + 4 = ?
**(A)** 99 **(B)** 49
**(C)** 79 **(D)** 59
**(E)** 69

**57.** ? × 2 = 630 ÷ 45 + √196
**(A)** 14 **(B)** 12
**(C)** 18 **(D)** 16
**(E)** 10

**निर्देश: (58-61):** निम्नलिखित संख्याएँ एक श्रृंखला बनाती हैं। विषम चुनें।

**58.** 16, 8, 12, 30, 95, 472.5
**(A)** 95 **(B)** 16
**(C)** 8 **(D)** 472.5
**(E)** 12

SCHOLARS ACADEMY

**59.** 103, 114, 101, 118, 99, 122, 90
**(A)** 99 **(B)** 118
**(C)** 114 **(D)** 90
**(E)** 101

**60.** 4 2 2 5 6 15
**(A)** 4 **(B)** 2
**(C)** 5 **(D)** 6
**(E)** 15

**61.** 95, 120, 147, 172, 201, 224
**(A)** 95 **(B)** 224
**(C)** 201 **(D)** 120
**(E)** 147

**62.** 'x - 75' किमी/घंटा की गति के साथ चल रही 'x + 30' मीटर लम्बी एक ट्रेन, 55 किमी/घंटा की गति से विपरीत दिशा में चल रही, 210 मीटर लम्बी दूसरी ट्रेन को 10.8 सेकंड में पार करती है। दोनों ट्रेनों की गति में कितना अंतर है?
**(A)** 20 किमी/घंटा **(B)** 24 किमी/घंटा
**(C)** 28 किमी/घंटा **(D)** 16 किमी/घंटा
**(E)** 18 किमी/घंटा

**63.** पाइप A एक टंकी को 48 घंटे में भर सकता है और पाइप B एक टंकी को 72 घंटे में खाली कर सकता है। यदि उन्हें एक साथ खोला जाता है, तो टंकी भरने में उनके द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिये।
**(A)** 80 घंटे **(B)** 24 घंटे
**(C)** 144 घंटे **(D)** 120 घंटे
**(E)** 28.8 घंटे

**64.** एक फूल और फूलदान का अंकित मूल्य 3 : 5 के अनुपात में है। फूल और फूलदान के अंकित मूल्य पर क्रमशः 10% और 30% की छूट देने के बाद कुल विक्रय मूल्य 4340 रुपये हो जाता है। फूल और फूलदान का एक साथ अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
**(A)** ₹5600 **(B)** ₹6000
**(C)** ₹6400 **(D)** ₹6800
**(E)** ₹7200


**65.** दो नावों A और B की गति धारा के प्रतिकूल दिशा में क्रमशः 3 : 5 के अनुपात में है। धारा 5 किमी/घंटा की गति से बह रही है। यदि दोनों नावों की गति धारा के अनुकूल दिशा के बीच का अन्तर 8 किमी/घंटा है, तो स्थिर जल में नाव A की गति कितनी है?
**(A)** 20 किमी/घंटा **(B)** 17 किमी/घंटा
**(C)** 14 किमी/घंटा **(D)** 23 किमी/घंटा
**(E)** 11 किमी/घंटा

**66.** 'A' और 'B' की वर्तमान आयु का अनुपात क्रमशः 8:9 है। 'B' की वर्तमान आयु अब से 14 वर्ष बाद 'A' की आयु से 10% कम है, अब से 8 वर्ष बाद 'B' की आयु ज्ञात कीजिए।
**(A)** 71 वर्ष **(B)** 64 वर्ष
**(C)** 78 वर्ष **(D)** 67 वर्ष
**(E)** 75 वर्ष

**67.** 425 लीटर एक मिश्रण में क्रमशः 3: 2 के अनुपात में अल्कोहल और पानी होता है। इस अनुपात को उलटा करने के लिए, मिश्रण में X लीटर अल्कोहल और 310 लीटर पानी मिलाया जाता है। X का मान कितना है?
**(A)** 95 **(B)** 65
**(C)** 75 **(D)** 85
**(E)** 55

**निर्देश [68-70]:** नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।

नीचे दिया गया पाई चार्ट एक दुकान द्वारा बेचे गए बर्तनों की कुल संख्या में से बेचे गए बर्तनों (नाइफ, कुकर, फ्राइंग पैन) की संख्या का प्रतिशत वितरण दर्शाता है।
**ध्यान दें:-** दुकान द्वारा बेचे गए बर्तनों (नाइफ, कुकर, फ्राइंग पैन) की कुल संख्या 3600 है।




**68.** दुकान द्वारा बेचे गए नाइफ्स की संख्या और बेचे गए फ्राइंग पैन की संख्या का अनुपात क्या है?
**(A)** 3:4 **(B)** 5:6
**(C)** 7:8 **(D)** 5:7
**(E)** 8:9

**69.** बेचे गए फ्राइंग पैन की संख्या और बेचे गए कुकर की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।
**(A)** 540 **(B)** 320
**(C)** 500 **(D)** 600
**(E)** 720

**70.** x का मान ज्ञात करें'।
**(A)** 10 **(B)** 15
**(C)** 20 **(D)** 25
**(E)** इनमें से कोई नहीं

SCHOLARS ACADEMY

# अंग्रेजी भाषा

**71.** In the question given below, four statements are given which may or may not contain an error. Choose the one that is grammatically and meaningfully correct. If all the sentences are incorrect, choose 'All are incorrect' as your answer.
**(A)** The poor girl could not stay clean, from the ashes and cinders.
**(B)** All the young ladies in the land was invited to come.
**(C)** The carriage rode down the street and runs into a shop.
**(D)** The beautifully bride was dressed in a fine blue gown.
**(E)** All are incorrect

**72.** In the following question, a sentence is given, divided into five parts. The part given in bold is grammatically and contextually correct. Out of the remaining four parts, one part may contain an error. Mark the option containing the part with the error. If none of the parts have errors, mark 'No error' as your answer.
The thunder storm (A) / came suddenly out (B) / of nowhere (C) **/ yesterday in the morning,** (D) / and surprising all of us. (E)
**(A)** B **(B)** C
**(C)** A **(D)** D
**(E)** No error

**73.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'. Ignore errors of punctuation, if any.
**(A)** Using digital technologies for digitization is simpler an
**(B)** extension of enterprise improvement initiatives that
**(C)** started with enterprise resource planning and
**(D)** customer relationship management implementations.
**(E)** No error

**74.** In the given question, a word has been given and there are three ways in which the word has been used, in similar or different forms. Find out which of the sentences has/have correctly used the highlighted word and mark your answer accordingly.
**Crane**
I) The construction site employed a massive **crane** for lifting heavy materials.
II) I saw a beautiful **crane** standing by the lake.
III) Sumiti used a **crane** to capture the beautiful scenery in her painting.
**(A)** Only I **(B)** Only II
**(C)** Only III **(D)** Only I and II
**(E)** Only II and III

**75.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
A strongly breeze (A) / was blowing and (B) / she was forced (C) / to hold onto her wig. (D) / No error (E)
**(A)** A **(B)** B
**(C)** C **(D)** D
**(E)** E

**76.** In each of the questions given below, four words are given in bold. These four words may or may not be in their correct position. The sentence is then followed by options with the correct combination of words that should replace each other in order to make the sentence grammatically and contextually correct. Find the correct combination of words that replace each other. If the sentence is correct as it is, select 'E' as your answer.
If she could get him to go to the hospital and **(A) clues** her there, she would have an **(B) opportunity** to **(C) look** around for **(D) leave**.
**(A)** A-B **(B)** A-D
**(C)** B-C **(D)** C-D
**(E)** No rearrangement

**77.** In each of the questions given below, four words are given in bold. These four words may or may not be in their correct position. The sentence is then followed by options with the correct combination of words that should replace each other in order to make the sentence grammatically and contextually correct. Find the correct combination of words that replace each other. If the sentence is correct as it is, select 'E' as your answer.
He **explained** that he was **trying** to **evoke** any car which might be **following** him.
**(A)** explained **(B)** trying
**(C)** evoke **(D)** following
**(E)** All are correct

**78.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
He gave the victim (A) / a quickly examination and (B) / said he thought he had (C) / had a heart attack. (D) / No error (E)
**(A)** A **(B)** B
**(C)** C **(D)** D
**(E)** E

**79.** In the following question, one part of the sentence may have an error. Find out which part of the sentence has an error and select the appropriate option. If the sentence is free from error, select 'No Error'.
A man's voice from (A) / the far end of the (B) / tunnel commanded them (C) / to stopped at once. (D) / No error (E)
**(A)** A **(B)** B
**(C)** C **(D)** D
**(E)** No error

**80.** In the question below, a sentence is given with four words highlighted in bold. One of these four words may be either wrongly spelt or inappropriate in the context of the sentence. Find out the word, which is wrongly spelt or inappropriate, if any. If all the words are correctly spelt and appropriate in the context of the sentence, mark (E) as your answer.
I **tried (A)** taking **tablats (B)** for the **headache (C)** but they didn't have any **effect (D)**.

SCHOLARS ACADEMY

**(A)** C **(B)** A
**(C)** All are correct **(D)** B
**(E)** D

**81.** In the following question, a sentence is given with a phrase highlighted in bold. Select the option given below that can replace the phrase in bold to make the sentence grammatically and contextually correct and mark that as your answer. If the sentence is correct as it is, mark 'no improvement required', as the answer.
These structural abnormalities **will be enough subtle to identify** on the basis of MRIs alone
**(A)** is enough subtle to identify
**(B)** are too much subtly to be identified
**(C)** are too subtle to be identified
**(D)** identified by the doctors
**(E)** No improvement required

**82.** In the given question, a word has been given and there are three ways in which the word has been used, in similar or different forms. You need to see which of the sentences has/have correctly used the highlighted word, and mark that as your answer.
**Wind**
I. The **wind** blew through her hair as she stood on the deck of the ship.
II. My biggest joy is **winding** on nuts while I watch my favourite show.
III. Please **wind** that old fashioned alarm clock kept over the table.
**(A)** Only I **(B)** Only I and II
**(C)** Only I and III **(D)** Only II and III
**(E)** All I, II and III

**83.** In the following question, a sentence is given with the phrase or idiom highlighted in bold. Identify the option that contains a word similar to the phrase contextually and can replace it. If none of the options express the similar meaning, mark 'None' as the right answer.
He looked at the floor as if trying to **make up his mind** whether or not she was telling the truth.
**(A)** stop **(B)** tolerate
**(C)** permit **(D)** decide
**(E)** jot

**84.** In the question below, a sentence is given, four words have been highlighted in bold. Find out if the words are contextually appropriate and correctly spelled. Only one word will be inappropriate or incorrectly spelled, mark that as your answer. If all are appropriate and correctly spelled, mark "All are correct".
We need to do more to **sport** people living with **disabilities** who want to **run** their own **businesses**.
**(A)** sport **(B)** disabilities
**(C)** run **(D)** businesses
**(E)** All are correct

**85.** In the question below, a sentence is given with a word highlighted in bold. From the given options, choose the one that provides the closest meaning of the highlighted word.
The plan was **vague** in detail, leaving them wondering what to do next.
**(A)** constant **(B)** unclear
**(C)** precise **(D)** comic
**(E)** cautious

**Directions [86-90]:** In the following passage, some of the words have been left out and replaced by a blank represented by a letter. First read the passage and try to understand what it is about. Then fill in the blanks as per the questions given.

El Nino **___(A)___** every two to seven years. Its impacts can be **___(B)___** far and wide. The climate pattern is known to **___(C)___** severe droughts over Australia, Indonesia, and parts of southern Asia and bring rainfall to parts of southern South America, the southern United States, the Horn of Africa, and central Asia. El Nino was expected to **___(D)___** this year. El Nino could bring more warming. The hottest year on record was 2016, during a particularly strong El Nino. El Nino adds some extra heat to the atmosphere. It is possible that Earth's rising temperature will temporarily **___(E)___** the 1.5°C threshold of the Paris agreement sometime after the peak of El Nino in 2024, though it is too early to know how strong this next event will be.

**86.** (A)
**(A)** wanders **(B)** occurs
**(C)** tempts **(D)** chance
**(E)** requests

**87.** (B)
**(A)** weak **(B)** obtained
**(C)** felt **(D)** wealth
**(E)** assisted

**88.** (C)
**(A)** obtain **(B)** climb
**(C)** adjust **(D)** cause
**(E)** resist

**89.** (D)
**(A)** speak **(B)** avert
**(C)** arise **(D)** strike
**(E)** secure

**90.** (E)
**(A)** exceed **(B)** astonish
**(C)** shorten **(D)** repeat
**(E)** mark

**91.** In the question given below, some sentences/phrases are given which have to be arranged in a proper sequence. Select the option which best defines the proper sequence and arranges the sentence in an appropriate way.
A. Firstly, the Himalayan Rivers: rivers that have originated from the Himalayas.
B. The key differences between the two types of rivers are that the Himalayan Rivers are perennial and the Peninsular Rivers are rainfed.
C. Known fondly as the land of rivers, India is one of the richest countries in the world in terms of culture and resources.
D. This Indian River system has been divided into two broad categories.
E. Secondly, the Peninsular Rivers: rivers that have originated from Peninsula.
**(A)** CDAEB **(B)** AEDCB
**(C)** CBEDA **(D)** BEADC
**(E)** DCAEB

SCHOLARS ACADEMY

**92.** In the question given below, some sentences/phrases are given which have to be arranged in a proper sequence. Select the option which best defines the proper sequence and arranges the sentence in an appropriate way.
A. the bank has organised
B. its new deposit schemes
C. for corporate workers
D. a campaign to demonstrate
**(A)** ADBC **(B)** BADC
**(C)** CBDA **(D)** DCAB
**(E)** No rearrangement required

**93.** In the question given below, some sentences/phrases are given which have to be arranged in a proper sequence. Select the option which best defines the proper sequence and arranges the sentence in an appropriate way.
A. southern Ukraine will
B. a dam in
C. effect on landmines
D. the destruction of
E. have a catastrophic
**(A)** ABDEC **(B)** BDEAC
**(C)** DBAEC **(D)** CDBEA
**(E)** BADEC

**Directions [94 – 100]:** Read the following passage carefully and answer the questions that follow.

Barely a week after the government declared the Bharat National Cyber Security Exercise 2023 a grand success, personal data of 815 million Indians, including Aadhaar numbers, phone numbers and addresses, started being hawked on the black web. Cybersecurity is different from other areas such as, say, tourism promotion: mere enthusiasm isn't sufficient. What's needed is an effective strategy, policy, regulation, technical standards, enforcement agencies, continuous training, user vigilance, and investment in quality education.
India also has a national cybersecurity strategy **in the works**. One hopes the draft strategy will be opened up for public comment and improvement. Cybersecurity is a dynamic field. A cursory survey of the website of the Indian Computer Emergency Response Team (CERT-In) reveals a diverse range of current and potential threats emanating from devices, apps and web spaces, including those used for storage in the cloud. One thing is fairly clear. Apps need to be updated when the operating system changes. This has many implications, one of which is undermining the Competition Commission's call for a laissez-faire approach in which external forks are tolerated in mobile operating systems, particularly in Google's Android. Operating systems should ideally retain systemic integrity, and their makers stripped of any excuse for failing to insulate them from bad actors.
India is **proud** of its digital public infrastructure, and legitimately so. But it is also a source of vulnerability. Estonia, one of the earliest champions of digitising governance, found its state-owned and operated servers being hacked, and switched to Amazon Web Services. India has more robust technological and engineering capabilities, and can afford to host its crucial digital public infrastructure on state-owned or quasi-state-owned and operated servers. The depository accounts in which much of corporate ownership and wealth are stored, the Goods and Services Tax Network, the National Payment Gateway and much else operate in this manner. If these are disrupted by cybercriminals, the Indian economy would be brought to its knees.
India does not need to reinvent the wheel on every matter of cybersecurity. But it must mobilise sufficient expertise as currency in global negotiations to ensure we get a fair deal. That means investing in quality education, from school to doctoral programmes. If every computer engineering student, on graduation, seeks a place in the job market, leaving only the rejects to pursue higher education, how will India develop the expertise it needs? If public-sector salaries cannot compete with private-sector munificence, especially at senior levels, how can we incentivise talented youth to work in key state agencies? How can we equip our investigative agencies with the knowledge and capability to effectively investigate cybercrime?

**94.** Why does the author emphasise the importance of updating apps when the operating system changes?
**(A)** To meet the demand of the users
**(B)** To ensure that the apps work efficiently
**(C)** To avoid the processor from slowing down
**(D)** To protect from cyber threats
**(E)** More than one option is correct

**95.** Which of the following countries was an early champion of digitising governance?
**(A)** Estonia **(B)** Finland
**(C)** Poland **(D)** UAE
**(E)** Bulgaria

**96.** Why would the disruption of the Goods and Services Tax Network or the National Payment Gateway cripple the Indian economy?
**(A)** Because these are owned by the government
**(B)** Because the public places a lot of trust in it
**(C)** Because they are used for the majority of transactions
**(D)** Because much of corporate ownership and wealth is stored here
**(E)** None of the above

**97.** Which of the following took place after the government declared the Bharat National Cyber Security Exercise 2023 a success?
**(A)** personal data of Indians began to be hawked on the black web
**(B)** various cyber attacks were launched
**(C)** important government secrets began to be leaked on social media
**(D)** cyberbullying cases went up
**(E)** government websites began to be hacked


**98.** India can ensure that it gets a fair deal by mobilising expertise in global negotiations. This depends on:
**(A)** making sure that value of the rupee does not fluctuate too much
**(B)** improve ease of doing business in India
**(C)** ensuring that people do not evade taxes
**(D)** investing in quality education
**(E)** creating more high-paying jobs for skilled workers

**99.** Which of the following is opposite in meaning to **'PROUD'** as used in the passage?
**(A)** tired
**(B)** clever
**(C)** ashamed
**(D)** serious
**(E)** remote

**100.** Which of the following is closest in meaning to **'IN THE WORKS'** as used in the passage?
**(A)** certain to happen
**(B)** stopped
**(C)** being planned
**(D)** very popular
**(E)** being criticized

**Space for rough work**

SCHOLARS ACADEMY


STUDENT'S NAME (IN BLOCK LETTERS ONLY)

Roll Number

Question Booklet No.

Date Of Examination

D D M M Y Y Y Y

Question Booklet Code

A B C D

| Q. No. | Options |
|---|---|
| 1 – 200 | A B C D E |

SCHOLARS ACADEMY